भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5031

जिसका उत्तर 25.03.2021 को दिया जाना है

राम वन गमन मार्ग का निर्माण

5031. श्री आर.के. सिंह पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश में राम वन गमन मार्ग के निर्माण की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत कौन से जिले शामिल होने की संभावना है;

(ग) क्या उक्त मार्ग चित्रकूट जिले में निर्मित किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार ने उत्तर प्रदेश में राम वन गमन मार्ग बनाने की योजना बनाई है।

(ख) उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित 210 कि.मी. लंबा राम वन गमन मार्ग अयोध्या को फैजाबाद, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ जेठवाड़ा, श्रृंगवेरपुर, मंझनपुर और रायपुर के माध्यम से चित्रकूट से जोड़ता है। प्रस्तावित संरेखण रारा-28, रारा-96, रारा-731 ए से गुजरता है और श्रृंवेरपुर में गंगा नदी पर पुल के साथ ग्रीनफिल्ड संरेखण है।

(ग) और (घ) उक्त रूट की 38 किमी लम्बाई उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में है।

******